## खबर संक्षेप

### दमोह नपा के सीएमओ पर हमला करने वालों पर हो कार्यवाही

**शहडोल।** सीएमओ प्रदीप शर्मा नगर पालिका दमोह के घर जाकर असामाजिक तत्वों ने कालिख पोत निंदनीय कार्य किया है, प्रदेश उपाध्यक्ष नगरीय निकाय कर्मचारी संघ रविकरण त्रिपाठी ने कहा कि दमोह में पिछले सप्ताह नवरात्रि पर दमोह नपा के सीएमओ प्रदीप शर्मा के निवास पर जाकर असामाजिक तत्वों के द्वारा गाली-गलौज की और मुंह में कालिख पोत कर अभद्रता की गई, जिसकी घोर निंदा की जाती है तथा ऐसे असमाजिक तत्वों पर शासन कार्यवाही करे, जिससे अन्य अधिकारियों पर ऐसी पुर्नावृत्ति न हो सके। प्रशासन द्वारा अगर इस पर गंभीरता से कार्य नहीं किया जायेगा तो, म.प्र. निकाय कर्मचारी संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### हिंदू संगठनों ने नव वर्ष के शुभारम्भ पर निकाली शोभायात्रा



**शहडोल।** चैत्र नवरात्र हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद के द्वारा संयुक्त रूप से शहडोल में राम जी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष और स्थानीय नागरिक शामिल थे, वहीं भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों नेता भी इस शोभायात्रा में उपस्थित होकर जय श्री राम का उदघोष लगाते हुए नजर आए। शोभायात्रा ने नगर के विभिन्न चौराहों और प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया, इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह फूल मालाओं तथा स्वल्पाहार से स्वागत भी किया गया। जय श्री राम के जय घोष और डीजे के सुमधुर संगीत लहरियो पर सैकड़ो की संख्या में नागरिक इसमें शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह के साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे, भाजपा नेता रवीकरण त्रिपाठी,अमित मिश्रा, भूपेंद्र मिश्रा के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता, पदाधिकारी,व्यापारी और आमजन शोभायात्रा में श्री राम का जयघोष करते हुए नजर आए।

### चार आरोपियों सहित गिरोह के पास से पांच नाखून जप्त

# साधु का भेष धर बाघ के नाखूनों के तस्करों को पकड़ा



### बेचने की फिराक में ग्राहक ढूंढ रहे थे तस्कर उत्तर वन मंडल डीएफओ ने की कार्यवाही

#### संजय गांधी रिजर्व फॉरेस्ट एरिया से लाए थे टाइगर के नाखून

**शहडोल।** जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत सीधी जिले के संजय गांधी टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट एरिया से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में टाइगर के नाखूनों की तस्करी में लगे गिरोह को नाखूनों सहित पकडऩे की कार्यवाही की गई , वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो से मिली सूचना पर भोपाल और शहडोल की संयुक्त टीम ने को यह सफलता मिली है।

राष्ट्रीय पशु बाघ के संरक्षण के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार भले ही कितने प्रयास कर रही है, लेकिन जिन-जिन स्थानों पर टाइगर का मूवमेंट पाया जाता है ,वहां आए दिन इस तरह की खबर सामने आती रहती है, प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के तमाम हिस्सों से बाघ का शिकार कर उनके अवयवों को नेपाल के रास्ते से अंतरराष्ट्रीय मार्केट में बेचा जा रहा है, बाघ के नाखूनों को कुछ लोगों द्वारा बेचने की सूचना मिलने पर शहडोल उत्तर वन मंडल ने वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के निर्देश और उसकी टीम के साथ मिलकर बाघ के नाखून बेचने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से पांच नाखून भी जब्त किए हैं, वन विभाग की टीम ने जिस सूझबूझ से इस पूरे प्रकरण का खुलासा किया, उसमें वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो भोपाल और उत्तर वन मंडल के डीएफओ श्रीमती तरुणा वर्मा को बड़ी सफलता मिली है, टीम ने तस्करों की सूचना मिलने पर साधु का भेष धर तंत्र-मंत्र के लिए नाखूनों की खरीदी का खेल रचा और उसमें उन्हें सफलता भी मिली।

#### यह किया वन विभाग ने

05 अप्रैल को वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल में सूचना प्राप्त हुई कि वन परिक्षेत्र अमझोर अन्तर्गत बनसुकली गांव के पास कुछ शख्स बाघ के अवयवों की तस्करी के



लिए आए हैं। गुप्त सूचना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए साधु का रूप धरकर में वन अमले को मौके पर तैनात किया गया। अजय पाण्डेय, वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल के मार्गदर्शन में एवं श्रीमती तरूणा वर्मा,वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र अमझोर अन्तर्गत मुखबिरों का तंत्र सक्रिय किया गया। बनसुकली रोड पर मौहार टोला तिराहा के पास शक के आधार पर तीन व्यक्तियों से तंत्र-मंत्र के लिए नाखूनों की आवश्यकता बताई गई, चार में से तीन तस्कर नाखूनों का सौदा कर रहे थे, वन अमले की टीम ने मुंह मांगी रकम देने का जाल बिछाया और तस्करों से नाखून दिखाना तय हुआ, यहीं पर चार में से तीन को सौदे के दौरान पकड़ लिया गया, पूछताछ कर उनकी तलाशी ली गई, जिनमें से एक व्यक्ति के पेन्ट की जंब में दो नग बाघ के नाखून जैसे अवयव प्राप्त हुए, उक्त तीनों व्यक्यिों एवं उनकी दो नग मोटर साइकिल को तुरंत हिरासत में लेकर परिक्षेत्र सहायक कैम्पस बनसुकली लाकर सघन तलाशी ली गई, तलाशी में एक अन्य व्यक्ति के पास से 03 नग और बाघ के नाखून जैसे दिखने वाले अवयव प्राप्त हुए।

#### सीधी जिले के है चारों आरोपी

वन अधिकारियों ने बताया कि तीनों आरोपियों मुख्यतः वंशपति सिंह गोड़ पिता रामप्रसाद गोड़ उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम हरदी थाना व तहसील कुसमी जिला सीधी, रमेश सिंह पिता गोपाले सिंह, उम्र लगभग 63 वर्ष ग्राम ददरीटोला, लुरघुटी थाना व तहसील कुसमी जिला सीधी एवं लालमन पनिका पिता रामप्रसाद पनिका उम्र लगभग 51 वर्ष निवासी लुरघुटी, थाना व तहसील कुसमी जिला सीधी के निवासी है। पूछताछ करनें पर आरोपियों ने स्वीकार किया कि उक्त 05 नग नाखून बाघ के ही नाखून हैं, जिसे वह संजय टाईगर रिजर्व के ग्राम अमगांव के पास जंगल में मृत पड़े बाघ के शव से निकाल कर लाए हैं। पूछताछ करनें पर आरोपी वंशपति सिंह गोंड द्वारा बताया गया कि उक्त पांचों बाघ के नाखून वह अपनें समधी जबरशाह सिंह उर्फ सरदार पिता छोटू सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी अमगांव थाना व तहसील कुसमी जिला सीधी के साथ 02 अप्रैल को अमगांव जंगल में मृत पड़े बाघ के शरीर से निकाल कर लाया है।

आरोपियों के पास से नाखून जप्त करने के बाद वन हमला इस जांच में लग गया कि आखिर जिस बाघ के नाखून निकल गए हैं, वह कहां है, पूछताछ में ही आरोपियों ने स्वीकार किया कि नाखून संजय टाईगर रिजर्व एरिया से लाए गए है, अमले ने इसकी पुष्टि के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों को सूचित करते हुए एक दल संजय टाईगर रिजर्व की ओर रवाना किया गया। संजय टाईगर रिजर्व के क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आरोपियों की निशानदेही पर वन परिक्षेत्र मड़वास बफर अन्तर्गत ग्राम अमगांव के पास के जंगल में एक मृत बाघ का शव क्षत विक्षत हालत में देखा गया, आरोपी वंशपति सिंह एवं जबरशाह सिंह नें पुष्टि की कि, 05 नग नाखून उक्त मृत बाघ के शरीर से 04 निकाले गए हैं। घटना की पुष्टि होने पर जबरशाह सिंह सहित समस्त आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 10626/20 दिनांक 04 अप्रैल 2025 दर्ज कर पूछतांछ एवं जांच कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाही में वन परिक्षेत्राधिकारी अमझोर तरूणेन्द्र सिंह, दिलीप मिश्रा, परिक्षेत्र सहायक बनसुकली, दुर्गा प्रसाद अहिरवार, परिक्षेत्र सहायक सीधी, नारायण प्रसाद यादव वनरक्षक बीटगार्ड चरहेंट, वन परिक्षेत्र अमझोर एवं संजय टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय अमले की मुख्य भूमिका रही। समस्त आरोपियों को वन्यप्राणी बाघ के अवयव अवैध रूप से धारण एवं व्यापार करनें के आरोप में अधिकारिता क्षेत्र के मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

## चोरों ने सूने घर का ताला तोड़ पार किये नगदी व जेवर



**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में सूने घर का ताला तोडक़र लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। परिवार दूसरे गांव में रिश्तेदारी में गया हुआ था, तभी चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। घर में रखे नगद 80 हजार एवं सोने-चांदी के जेवर चोरी कर चोर फरार हो गए हैं। पड़ोसियों ने जब सुबह परिवार को घर का ताला टूटे होने की जानकारी दी, तब जाकर चोरी की घटना का पता लग पाया। इसके बाद पुलिस से मामले की शिकायत की गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता प्रेमलाल बैगा ने बताया कि वह अपने ससुराल धनपुरा गया हुआ था और घर में ताला लगा था। बड़ी पुत्री को उसने घर में सोने के लिए कहा था, लेकिन वह पड़ोस में अपनी बड़ी मां के साथ सो गई। सुबह जब पड़ोस के लोगों ने देखा तो, घर का ताला टूटा हुआ जमीन में पड़ा था। इसके बाद बड़ी पुत्री और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी मिली। घटना की जानकारी मिलते ही प्रेमलाल अपने परिवार के साथ घर पहुंचा तो देखा तो उसके घर में चोरी की घटना हो चुकी थी। पीड़ित ने बताया कि पीएम आवास की राशि उसे मिली थी, जिससे घर में निर्माण कार्य करवाना था। बैंक से पैसा निकाल कर उसने घर की अलमारी में रखे हुए थे। जो 80 हजार रुपए थे, उसे भी चोरों ने चोरी कर लिया है। पीड़ित के अनुसार घर में रखे सोने चांदी के जेवर भी चोरी हो गए हैं, कुल चोरी लगभग 3 लाख से अधिक की चोरी हुई है। प्रेमलाल ने बताया कि घटना की शिकायत उसने थाना में दर्ज कराई, पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

## उपसरपंच ने वृद्ध पर किया प्राणघातक हमला

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम मरदरी के उपसरपंच ने गांव के 56 वर्षीय वृद्ध पर प्राणघातक हमला किया है, इस घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मरदरी निवासी गनपत सिंह पिता स्व. मोहन सिंह उम्र 56 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी है, जिसे लहूलुहान हालत में 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, खबर है कि उपसरपंच प्रेम सिंह ने पीड़ित गनपत सिंह पर डंडे-लाठी से प्राण घातक हमला किया है, जिससे पीड़ित घटना स्थल पर ही लहूलुहान हालत में गिर गया था और बाद में अचेतन अवस्था मे चला गया था। आरोपी उपसरपंच मानसिक रूप से कमज़ोर है, अकारण किसी बात पर घटना स्थल पर जोर-जोर से चिल्ला रहा था, पीड़ित मौके पर जाकर उसे मना किया, इसी बात से नाराज़ उपसरपंच ने पीड़ित वृद्ध पर हमला कर लहूलुहान कर दिया, बाद में परिजनों की मदद से मौके पर 100 डायल और 108 पहुंची, तब जाकर पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।






## माता रानी को अठवाइन चढ़ाने लगी भक्तों की लम्बी कतार



### अष्टमी पर माता महागौरी की झांकी, राम जन्मोत्सव की भी तैयारी

**शहडोल।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर नगर के शक्ति स्थलों व देवी मंदिरों में अम्बे मां की पूजा आराधना करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जहां माता को अठवाइन प्रसाद अर्पित कर श्रद्धालुओं ने उनकी पूजा अर्चना की। मंदिरों में आठवें दिन माता महागौरी के स्वरूप में अम्बे मां का श्रंगार किया गया साथ ही उनकी महाआरती का गायन का गायन किया गया। भक्तों ने माता महागौरी के दर्शन कर उनके जयकारे लगाए। माता महागौरी श्वेत परिधान में तप और सादगी की अलौकिक छवि में दृष्टव्य होती हैं। माता अत्यंत करुणामयी और आशीष बरसाने वाली मानी जाती हैं। उनकी पूजा का विशेष महात्म्य बतलाया गया है। प्रमुख देवी मंदिरों व शक्ति स्थलों पर सुबह से ही भक्तों की कतार लग गई और यहां दिनभर मेला लगा रहा। कई स्थलों पर भण्डारे का आयोजन कर माता का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिरों में प्रातः काल से लेकर शाम तक कथा, कीर्तन, भजन व संस्कार चलते रहे। जल ढारने महिलाओं की लम्बी कतारें लगी देखी गईं। नगर की बस्तियों में माता रानी के भजन व भक्तिगीत, भगत आदि गूंज रहे हैं। ज्ञातव्य है कि चैत्र नवरात्रि का पर्व शक्ति उपासना का प्रमुख पर्व माना जाता है। इसके साथ ही प्रसिद्ध राम जानकी व हनुमान मंदिरों में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की तैयारियां भी पूर्ण कर ली गई हैं। रविवार को धूमधाम से प्रभु का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

#### अठवाइन चढ़ाने उमड़ी भीड़

अष्टमी पर्व पर नगर के प्रसिद्ध दुर्गा माता विराटेश्वरी धाम में अठवाइन भोग चढ़ाने भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु स्त्री-पुरुष लम्बी कतारों में खड़े देखे गए। भक्तों ने माता को चुनरी व अठवाइन का प्रसाद अर्पित कर उनकी पूजा अर्चना की। यहां भक्तों की लम्बी कतार देखी गई। माता रानी को जल ढारने सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ी। महिलाओं की लम्बी कतार देखी गई। दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट व मंदिर के पुजारी निरंतर व्यवस्थाओं की निगरानी करते नजर आए। मंदिर में सुबह से ही कथा, भजन गायन आदि का आयोजन किया गया, बच्चों के मुण्डन, कर्णछेदन आदि के संस्कार किए गए। माता के दरबार में दिनभर भक्तों का मेला लगा रहा, शाम की आरती में शामिल होने के लिए लोग कतारों में खड़े देखे गए। ज्ञातव्य है कि नगर में माता विराटेश्वरी का धाम मां दुर्गा की पूजा आराधना का प्रमुख केन्द्र माना जाता है। माता रानी को दया स्वरूपा भी माना जाता है जो कि भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली है। यहां सुबह माता का महागौरी स्वरूप में श्रंगार कर उनकी महाआरती का गायन किया गया।

#### कंकाली माता मंदिर में भारी भीड़

अष्टमी पर्व पर नगर के समीप अंतरा ग्राम स्थित कंकाली माता मंदिर में मांता के विशेष स्वरूप की झलक पाने और उन्हे प्रसाद चढ़ाने भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। माता की आभा महाकाली की विशेष काया के रूप में मौजूद है, जो कि अजेय शक्ति का प्रतीक है, माना जाता है कि माता की यह छवि न केवल अलौकिक है बल्कि अन्य कहीं भी देखने को नहीं मिलती, यह चौंसठ योगिनी का स्वरूप है। यहां व्यापकता से अखण्ड ज्योति जलाई गई है और जवारे बोए गए हैं। माता रानी के यह मंदिर अत्यंत जागृत और वरदायी माने जाते हैं। यहां निरंतर भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। भक्तों की पूजा अर्चना व भण्डारे प्रसाद के लिए मंदिर ट्रस्ट की ओर से पूरी व्यवस्था की गई है। यही स्थिति पाली रोड स्थित बूढ़ी माई मंदिर की भी है। नवरात्रि पर्व पर विशेष रूप से इन स्थलों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है।

#### कन्या भोज व भगत का आयोजन

खोल्हाड़ ग्राम स्थित पहड़िया में विराजी माता रानी की झलक पाने को भी भक्त लालायित रहते हैं। अष्टमी पर यहां दिन भर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने और उनकी महाआरती के पश्चात यहां भक्तों ने पूजा अर्चना कर ज्योत जलाई और प्रसाद अर्पित किया। मढ़िया में कन्या भोज का आयोजन किया गया। साथ ही कथा की गई और बच्चों के कर्णछेदन, मुण्डन संस्कार आदि किए गए। माता की कृपा का गान करने वाले भगत व भजन गाए गए। मढ़िया में भक्तों के लिए हवन पूजन की विशेष व्यवस्था की गई है। अष्टमी पर यहां विशेष मेला लगता है। शहर से लोग यहां माता के दर्शन करने और प्रसाद चढ़ाने आते हैं। आस पास के ग्रामीण माता की सेवा में भजन कीर्तन का कार्यक्रम करते हैं। खोल्हाड़ माता की मनोहारी छवि भी चौंसठ योगिनी से संबंधित बतलाई जाती है।

#### रामनवमीं की तैयारी पूर्ण

नगर के राम जानकी मोहनराम मंदिर, पंचायती मंदिर, घरौला नाथ जी हनुमान मंदिर, आदि प्रसिद्ध मंदिरों में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर लीं गई हैं। रविवार की दोपहर ठीक 12 बजे भगवान का जन्म होगा और श्रद्धालुओं को उनकी झलक देखने को मिलेगी। घरौला नाथ जी हनुमान मंदिर के पुजारी नीलू महराज ने बताया कि दोपहर निर्धारित समय पर मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे और आतिशबाजी के साथ शंख ध्वनि की जाएगी और मंदिर के घंटे बजाए जाएंगे। इसके साथ ही भगवान का अवतरण होगा। उन्हे पालने में बैठा कर उनके अवतरण के श्लोक व भजन आदि का गायन कर उनका अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात पट खोल दिए जाएंगे। लोगों को भगवान की छवि के दर्शन मिलेंगे और महिलाएं मंगल गीत के साथ बधाई गीत गाएंगी। इसके पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

खबर संक्षेप

## 7 अप्रैल को ग्राम पंचायतों में बाल सभाओं का आयोजन

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया जाएगा। जिसकी थीम स्वस्थ्य शुरूआत आशाजनक भविष्य है। जिसके माध्यम से 10 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बालक बालिका सहभागिता करेंगे । कार्यक्रम मे किशोर, किशोरियो , महिलाओ, परिवारो के लिए उचित पोषण, खानपान के संबंध मे जानकारी प्रदाय की जाएगी । पोषण और स्वास्थ्य संबंधी पारंपरिक कुप्रथाओ की रोकथाम पर जागरूकता एवं समझ विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। विश्वस स्वा0 दिवस पर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में बाल सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है । नोडल अधिकारी चयनित ग्राम पंचायत में निर्धारित तिथि एवं समय पर स्थान पर उपस्थित रहकर शासन व्दारा जारी एजेंडा अनुसार ग्राम सभा संपन्न कराना सुनिश्चित करेगे ।

## मंगल भवन उमरिया में एक दिवसीय प्राकट्य पर्व आज

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीरामनवमी के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित मंगल भवन परिसर में 6 अप्रैल को प्राकट्य पर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुनीन्द्र मिश्रा शहडोल एवं उनकी 7 सदस्यीय टीम व्दारा बघेली लोक गायन, अवंतिका दुबे खजुराहो एवं उनकी 10 सदस्यीय टीम व्दारा श्रीराम पर केन्द्रित नृत्य नाटिका , गिरीश ठाकुर जिला सिवनी एवं उनकी 10 सदस्यीय टीम व्दारा भक्ति गायन तथा मुस्कान चौरसिया जिला बालाघाट एवं उनकी 10 सदस्यीय टीम व्दारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

## मंगल भवन की सफाई एवं पेयजल व्यवस्था के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** श्रीराम जन्मोवत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति प्राकट्य पर्व कार्यक्रम 6 अप्रैल को मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह को आयोजन के कलाकारो के आवास एवं कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु 6 अप्रैल को श्रीराम नवमी के अवसर पर पूर्ण मंगल भवन परिसर में साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था किया जाना सुनिष्चित करेंगे।

## प्राकट्य पर्व के लिए स्वच्छता निरीक्षण नोडल अधिकारी नियुक्त

**उमरिया।** श्रीराम जन्मोनत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति प्राकट्य पर्व कार्यक्रम 6 अप्रैल को मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने नारायण दुबे स्वच्छता निरीक्षक नगर पालिका उमरिया को जिला प्रशासन की ओर से गतिविधि के समन्वय एवं संवाद के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है । नोडल अधिकारी संस्कृति संचालनालय भोपाल से संपर्क कर कार्यक्रम के सफल संचालन कराने हेतु जिम्मेंदार होगे ।

## विधायक, कलेक्टर एवं सीईओ ने कौडिया बड़ा तालाब का किया निरीक्षण

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, आशुतोष अग्रवाल, मिथलेश पयासी ने करकेली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कौडिया के बड़ा तालाब का निरीक्षण किया तथा अभियान के तहत जीर्णोद्धार हेतु कार्ययोजना में शामिल करने को कहा। श्री आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि यह प्राचीन तालाब है। आकार एवं जल भराव क्षेत्र भी अधिक है। श्री अग्रवाल एवं मिथलेश पयासी ने बताया कि शिवालय तालाब आसपास के लोगों का आस्था केन्द्र है, जिसके जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। विधायक वाधंवगढ, कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने सर्वे एवं सीमांकन कराकर जीर्णोद्धार कराने को कहा।

### अपराधियों के हौसलों के आगे वर्दीधारी पस्त

# ..तो वर्दी की सांठगांठ से चल रहा सट्टे का कारोबार

एक के अस्सी का खेल सट्टा बाजार क्षेत्र में अब लोगों को बड़ी संख्या में अपनी गिरफ्त में ले चुका है। जल्दी दौलत की चाह में लोग अपनी मेहनत की कमाई सटोरियों की भेंट चढ़ा रहे हैं, इस सब में क्षेत्र में तेजी से उग आए सटोरियों द्वारा आम जनता और गरीब मजदूर तबके की मेहनत की राशि सुगमता से हड़पी जा रही है।

**उमरिया।** सट्टा व्यवसाय क्षेत्र के लिए कोई नया कारोबार नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र में अपनी जड़े गहराई से जमा चुका है, महिला, पुरूष ही नहीं बड़ी संख्या में नाबालिग भी इस कुचक्र में फंसकर खुद को बर्बाद कर चुके हैं, लेकिन हर रोज घाटे को पूरा करने के चक्कर में अपनी मेहनत की कमाई को इनके सुपुर्द कर आत है, सट्टा कानूनन अपराध तो है, लेकिन जमानती है, जिसके चलते सटोरियों को पुलिस गिरफ्तार भी करती है, लेकिन थाना स्तर पर जमानत मिल जाती है और सटोरिया थाना से निकलते ही पुनः अपने धंधे में रम जाता है। कई बार तो पुलिस के दबाव में मासिक आंकड़े पूरे करने के लिए बड़े सटोरिए खुद ही छोटे खाईवालों को थाने भेजकर टारगेट पूरे करवा देते हैं, जहां सटोरियो पर 500 से 1500 तक के पर्चे दिखाकर पुलिस अपने टारगेट की इतिश्री कर लेती है।

### अपराधियों के हौसले बुलंद

पुलिस जुआं व सट्टा जैसे अपराध पर लगाम लगाने के चाहे जो दावे करें, हकीकत ये है कि इस पर रोक लगाने में फिसड्डी साबित हो रही है। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में खुलेआम सट्टा चल रहा है। पुलिस के जवान इसको देखकर अनजान बनकर निकल रहे है। शहर से लेकर अंचल तक सट्टा से लेकर जुआं खुलेआम चल रहा है। छोटू, संदीप, संतोष, भोला सिंह , मिंटू के हौसले इतने बुलंद है कि इन्हें अब वर्दी का भय नहीं रह गया है, संभवतः पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठकर शिकायत का इंतजार कर रही है या फिर जब इस अवैध कारोबार के जाल में फंसकर अपनी जिंदगी गवां देगा तब हरकत में आये, कुल मिलाकर जिले में अपराधियों के हौसलों के आगे वर्दीधारी पस्त नजर आ रहे हैं।



### खुलेआम चल रहा खेल

शहर के कई ठिकानों पर खुलेआम सट्टा का खेल चल रहा है। यहां गरीब मजदूर, रिक्शा चालक, आटो चालक एवं निम्न आय वर्ग के लोगों की गाढ़ी कमाई की राशि लुट रही है। पुलिस प्रशासन के नाक तले यह अवैध करोबार चलने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रातों रात करोड़पति होने का सपना देखने वाले अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा सट्टा में लगा रहे हैं। जिला मुख्यालय के अलावा बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र में भी सट्टे का कारोबार अपने चरम पर है, बिरसिंहपुर थाना के वर्दीधारियों का रिकार्ड कितना साफ है, यह किसी से छुपा नहीं है, चेहतों को उपकृत करने के नाम पर छोटी-बड़ी धाराओं का खेल अब किसी से यहां छुपा नहीं है।

### बेचारी हो चुकी पुलिस

खाईबाज जगह-जगह अपने अपने एजेंटों के माध्यम से इस खेल को खिलाने का काम कर रहे हैं। शहर के कई क्षेत्रों में सट्टा खेलने वालों की भीड़ लगी रहती है। सट्टा खिलाने वालों के एजेंट जगह-जगह बैठकर खुलेआम सट्टा पर्ची लेकर दांवपेच लगवाने का काम कर रहे हैं। इस खेल में कई लोग लाखों रुपए की राशि हार कर बर्बाद हो रहे हैं। हैरानी की बात तो है कि पहले यह खेल चोरी छुपे होता था, अब सट्टे का खेल खिलाने वाले छोटू, संदीप, संतोष, भोला सिंह , मिंटू के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वह इस काम को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं। हालाकि यह भी सच है कि आमलोगों को सट्टा खिलाने वालो की जानकारी है, लेकिन हाईटेक और बेचारी हो चुकी पुलिस सट्टोरियों तक नहीं पहुंच पा रही है।

### कार्यवाही की मांग

पुलिस के द्वारा सट्टोरियो पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जाती ना ही इन्हें रोकने टोकने का काम पुलिस प्रशासन करती है। जानकारी होने के बाद भी पुलिस अनजान बनी हुई है। इससे ऐसा प्रतीत होता है, कहीं ना कहीं इस खेल को बढ़ावा देने का काम पुलिस के द्वारा किया जा रहा है या फिर पुलिस की मिलीभगत से ही इस खेल को खिलाने का काम सट्टा खिलाने वाले कर रहे हैं, तभी तो जो काम पहले चोरी छुपे होता था, वह अब खुलेआम हो रहा है। छोटू, संदीप, संतोष, भोला सिंह , मिंटू जैसे लोग बेखौफ होकर इस खेल पर पैसा लगवाने का काम कर रहे हैं । सट्टे का कारोबार खुलेआम होने के कारण कई गरीब परिवार अपनी मेहनत की कमाई इस खेल में गवा कर बर्बाद हो रहा है। जागरूक लोगों ने कप्तान से मांग की है कि उक्त मामले में जिला स्तर पर दल गठित कर जांच कराकर कार्यवाही की जाये।

# प्राचीन तालाब में हजारों हाथों से किया गया श्रमदान









**उमरिया।** प्रदेश सरकार द्वारा हर गांव, बस्ती को पानीदार बनाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।करकेली जनपद पंचायत में प्राचीन तालाब तथा लोगों के आस्था का केंद्र हनुमान ताल क्षेत्र फल 3 हेक्टेयर में जिला प्रशासन तथा ग्राम पंचायत व्दारा जीर्णोद्धार का काम शुरू हुआ, श्रध्दा एवं स्वयं प्रेरित होकर हजारों लोग गैंती, फावड़ा तथा तगाड़ी लेकर श्रमदान में जुट गये।

विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,सीईओ जनपद हरनीत कौर कलसी, आशुतोष अग्रवाल, मिथलेश पयासी, अंजनी मिश्रा,बृजेन्द तिवारी, पैगाम फाउंडेषन से योगेष खंडेलवाल, गोविंद प्रसाद गौतम, दिनेश पाण्डेय, विनायक तिवारी, नारायण सिंह, सतेन्द्र सिंह,शेष प्रताप सिंह,जम्मू कोल सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामों से आये श्रोता उपस्थित रहे।

विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि प्रदेश शासन के आव्हान पर पूरे जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है । जिसका उददेश्य पानी की एक एक बूंद को सहेजना है । यदि आज हम पानी की एक एक बूंद की बचत करेंगे तो हमारा भविष्य अच्छा रहेगा । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है। ग्रामीण जन जल की महत्वा को समझते हुए स्वयं आगें आकर तालाबो, नदियो, बावडियो की सफाई का जिम्मा उठे रहे है । सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान आगामी 30 जून तक संचालित किया जाएगा । इस दौरान नदी, नालो, नदियो मे बोरी बंधान, बावडियो की साफ सफाई कराई जाएगी तथा उसके आस पास के अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि जल है तो कल है । जल के बिना मानव का जीवन अधूरा है , इसलिए आवश्यक है कि जल को व्यर्थ नही बहाएं । शासन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर जल को सहेजने का कार्य करे।




## दीवार लेखन के जल संरक्षण के जगा रहे अलख

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा जिले के गांव गांव पहुंचकर युवा टीम के सदस्य जल संरक्षण के प्रति जागरुक कर अलख जगा रहे हैं।

इसी क्रम में युवाओं की टोली युवा टीम सदस्यों के द्वारा ग्राम पंचायत गौरइया के दीवारों पर जल संरक्षण जागरूकता नारे लिख व गांव में घूम-घूम कर जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं। साथ ही दीवार लेखन और वृक्षारोपण के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। हिमांशु तिवारी ने जल संरक्षण एवं संचयन की विशेषता को इंगित करते हुए कहा जल संरक्षण का अर्थ पानी की बर्बादी तथा प्रदूषण को रोकने से है। जल संरक्षण एक अनिवार्य आवश्यकता है।क्योंकि जल ही जीवन है। अतरू जल की कमी को पूरा करने के लिए जल संरक्षण अति आवश्यक है।उन्होंने आगे कहा कि जल स्त्रोतों की हर बूंद को संरक्षित करने तथा जल गंगा संवर्धन अभियान को बढ़ावा देने हेतु आमजनों को इस जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। जल का संरक्षण बहुत ही छोटे-छोटे उपायों से किया जा सकता है, जैसे टूथ ब्रश करते समय टूंटी को बंद रखें, नहाते समय बाल्टी का इस्तेमाल, घर व कार की सफाई में पानी का कम से कम उपयोग, प्रत्येक घर में वर्षा जल संचयन टैंकों का निर्माण, गांवों में तालाबों की खुदाई, शौचालयों में पानी की कम से कम खपत तथा इसके साथ ही वृक्षारोपण के लिए युवाओं को अधिक से अधिक जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि इसमें अधिक से अधिक लोग जुड़ें, ताकि हम प्रकृति के साथ चलें।इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,पर्यावरण मित्र खुशी सेन,शिखा बर्मन, महक सोनी,नेहा सिंह, दीपिका मरकाम व सभी उपस्थित रहे।

## फसल को आग से बचाने के लिए किसानों को समसामयिक सलाह

**उमरिया।** कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के कृषि वैज्ञानिक डा धनंजय सिंह ने कहा है कि प्रायः देखने मे आता है कि किसान अपनी फसलों को काटकर बिजली के खंभो के नीचे या अन्या जगहो पर रख देते है जिससे कभी कभार शाट सर्किट की वजह से आग लग जाती है और फसल जलकर नष्ट हो जाती है । उन्होने किसानो से कहा है कि फसल को बिजली के खंभो कें नीचे नही रखे । खंभों के आस पास साफ सफाई रखें । उन्होंने कहा कि थ्रेसिंग का काम करते समय भी किसान सावधानियां बरते । थ्रेसिंग का कार्य करते समय किसान हाथो मे ग्ल्ब्स पहनें। आंखो में चश्मा पहनें यदि हो सके हेलमेट का भी उपयोग करें , ताकि शरीर को किसी भी प्रकार का नुकसान नही पहुंचे ।



# अवैध रेत चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर बिजुरी पुलिस ने की कार्यवाही

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा दिनांक 05/04/2025 को बगीचा के पास ग्राम कटकोना में घेराबंदी कर एक सफेद रंग के बिना नंबर के आयशर ट्रेक्टर से अवैध रेत खनिज उत्खनन कर परिवहन करने पर रेड कार्यवाही करते हुए उक्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी चालक वाहन स्वामी चंद्रिका प्रसाद साहु पिता स्व. जगदीश प्रसाद साहु उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कटकोना के विरुद्ध अपराध धारा 303 (2), 317 (5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम, 130/177 (3), 77/177 एम.व्ही एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है।

### 1 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बिजुरी पुलिस द्वारा 5 अप्रैल को पता तलास कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर के न्याया0 के प्र.क्र. 1474/21 धारा 34(1) (क), 34 (2) आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी रमाशंकर उर्फ अजय बंसल पिता राजकुमार बंसल उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 12 छाता मोहल्ला बिजुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।




## शिक्षिका सुश्री अमृत कौर के सेवानिवृत होने पर विदाई सम्मान समारोह संपन्न

**जमुना/बदरा।** शासकीय हाई स्कूल भालूमाडा की प्रभारी प्राचार्य सुश्री अमृत कौर का 31 मार्च को सेवानिवृत होने पर गत दिवस विद्यालय प्रांगण में भव्य विदाई समारोह व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रमुख रूप से अजय द्विवेदी मंडल अध्यक्ष पसान भाजपा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के के वर्मा ब्लॉक समन्वयक राजमणि पांडे वं संकुल प्रभारी श्रीमती सुचिता शर्मा नगर पालिका परिषद पसान के पार्षद सूर्या सरोज लोधी इंद्रलाल संतोष चौरसिया सुरेश शर्मा पत्रकार व अन्य पार्षद एवं संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे। छात्र-छात्राओं ने भावुक शब्दों में प्राचार्य को विदाई दी संकुल प्रभारी बी एवं बीआरसी ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह व शाल श्रीफल से भेंट कर सुश्री कौर के उज्जवल भविष्य की कामना की संकुल के कई शिक्षक शिक्षकों ने भी उपहार देकर सम्मानित किया। उनके विदाई समारोह का माहौल भाव कर देने वाला था जहां उनके योगदान को याद करते हुए कई लोगों की आंखें नम हो गई कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका बॉबी मैडम ने किया इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सतीश सिंह सुधा शुक्ला हर्ष झा कंचन उमाशंकर जमुना प्रजापति जोहर सिंह ज्ञान विश्वकर्मा मिथिलेश शर्मा संजय रस्तोगी शकुंतला मिश्रा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## एसडीएम पाली ने विद्यालय की संचालित समिति बैठक में लिया भाग

**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने मॉडल स्कूल बरबसपुर पाली में विद्यालय की संचालन समिति की बैठक में भाग लिया। इस दौरान उन्होने विद्यालय के पठन पाठन और प्रबंधन का निरीक्षण किया। उन्होने बच्चों से पठन पाठन, गणवेश, मध्याषन्हॉ भोजन के संबंध में पूछताछ की । प्रयोगशाला के निरीक्षण के दौरान शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही प्रायोगिक शिक्षा को बढ़ावा, विज्ञान मंथन यात्रा, ओलंपियाड और विभिन्न प्रतियोगी मंचो में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित कराने और उसके लिए आवश्यक पठन पाठन कराने और विद्यालय और विद्यार्थियों से संबंधित मुद्दों को हल करने के भी निर्देश दिए।



खबर संक्षेप

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा 30 मार्च को जिला जेल कटनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बंदियों को दिये जाने वाले खाने की समाग्री एवं भोजन की गुणवत्ता की जॉंच की गई तथा बदियों के रहन-सहन एवं बैरक में साफ-सफाई व्यवस्था तथा बंदियों से स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा की गई, तथा बंदियों के प्रकरण में पैरवी हेतु नियुक्त अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास प्रकरण में पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं है या अधिवक्ता करने में समक्ष नहीं है तो वह प्रकरण में पैरवी हेतु निःशुल्क विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। जेल निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जे.पी. चिडार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/ सचिव तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टॉप सहित स्टॉफ उपस्थित रहे।

## गर्मियों में मूँग, तिल एवं सन व ढेंचा उगाएं किसान

**कटनी।** किसान भाईयों को ग्रीष्मकाल में धान की बजाय ग्रीष्मकालीन दलहनी फसलें जैसे मूँग, तिल व ढेंचा उगाने की सलाह दी गई है। इन फसलों से खेत की मृदा (मिट्टी) का उर्वरा संतुलन बना रहता है। साथ ही ये फसलें कम पानी, कम समय और कम मेहनत में अच्छा व लाभदायक उत्पादन देती हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान में पानी की अत्यधिक जरूरत पड़ती है। ग्रीष्मकालीन धान व उसके बाद खरीफ में धान की फसल लगाने से पोषक तत्वों का अत्यंत दोहन हो जाता है और मृदा की उर्वरता अर्थात उत्पादन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। साथ ही ग्रीष्मकालीन धान में पेस्टीसाइड एवं दवाइयों के अधिक उपयोग से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। ग्रीष्मकाल में धान की बजाय मूंग उगाने से खरीफ में समय से धान लगाई जा सकती है। जाहिर है खरीफ के धान की समय से कटाई हो जाती है और गेहूँ की बुवाई कर अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे फसल चक्र के सिद्धांत का भी पालन हो जाता है जो खेत की उत्पादन क्षमता बनाए रखने के लिये अत्यंत जरूरी है। किसान भाई ग्रीष्मकाल में मूंग के अलावा तिल की फसल भी उगा सकते हैं। साथ ही खरीफ में जिस रकबे में धान प्रस्तावित है, उसमें हरी खाद प्राप्त करने के लिये सन या ढेंचा उगा सकते हैं। इसे खेतों में पढ़ने पर मृदा की उर्वरता उच्च स्तर पर पहुँच जाती है। इसलिए जिले के किसान भाइयों से मौजूदा वर्ष में गर्मी की धान न लगाने और उसके स्थान पर मूँग, तिल अथवा सन या ढेंचा लगाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करने और पर्यावरण व मृदा संरक्षण में सहयोग देने की अपील की गई है।

## विधायक से ग्रामीणों ने बताई क्षेत्र की समस्याएं

**सिलौंडी।** सिलौंडी क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिर मां वीरासन और महादेवी मंदिर में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने परिवार सहित और बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने दर्शन कर पूजन अर्चन किया। विधायक के क्षेत्र प्रवास के दौरान सिलौंडी बस स्टैंड में ग्रामीणों ने विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी का सम्मान किया । ग्रामीणों की मांग पर देशी शराब को बस स्टैंड से अलग कराने में विधायक और मंडल अध्यक्ष का विशेष सहयोग रहा है । साथ ही बस स्टैंड में शौचालय और बैठने की व्यवस्था ना होने की समस्या से अवगत कराया । विधायक ने वादा किया है जल्द से जल्द बस स्टैंड की समस्याओं का समाधान होगा। विधायक ने कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। दशरमन सरपंच सीमा भरत शुक्ला ने महादेवी मंदिर जाने वाले पगडंडी मार्ग का निर्माण कराने का प्रस्ताव दिया । इस दौरान जिला उपाध्यथ सुरेश राय, प्रशांत राय, पीयूष जैन आदि की उपस्थिति रही।


# छात्रों ने समझा एकल विद्यालय योजना

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के एम.एस.डब्ल्यू के विद्यार्थियों ने स्व-प्रेरणा से विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संगठन आरएसएस के द्वारा चलाई जा रही एकल विद्यालय योजना को समझने का प्रयास किया।

शहडोल।




इस दौरान एकल विद्यालय की इकाई ,संस्कार शिक्षा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से कार्यक्रम प्रबंधन के बारे में जाना कि किस प्रकार बड़े से बड़े कार्य को बिना त्रुटि के संपन्न करने के लिए थ्री टियर व्यवस्था बनी हुई है। स्कूल शिक्षा से जुड़े हुए शासन के द्वारा चलाई जा रही शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए स्कूल चलो अभियान के तहत मास्टर ऑफ सोशल वर्क के छात्रों ने अपने आस-पास के क्षेत्र के प्राइमरी स्कूलों में प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ मिलकर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्य किया, जिसमें विद्यार्थियों ने शासकीय स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों के अभिभावकों से मिलकर स्कूल जाने एवं स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने के विषय को लेकर स्कूली छात्रों के अभिभावकों से चर्चा की, इस दौरान एम एस डब्ल्यू के विद्यार्थियों ने नकारात्मक एवं सकारात्मक पक्ष दोनों देखने को मिला सकारात्मक पक्ष में देखा कि किस प्रकार शिक्षकों ने अपनी कर्तव्य बोध को समझा और अभिभावकों को जाकर समझाया कि बच्चों को स्कूल जरूर भेजें, जिससे कि उन्हें क्या पढना है, अगली क्लास के उन्मुखीकरण के लिए अभी से आपको तैयार किया जाएगा। एम एस डब्लू के विद्यार्थियों ने भी अपने घर के आस पास के शासकीय विद्यालयों में पढने वाले बच्चों एवं नजदीकी स्कूल जाकर अभियान के बारे में जाना और दूसरे पक्ष को भी देखा कि बच्चे कही नाना-नानी , मामा-मामी, खेतों में अपने माता-पिता के सहायता कर रहे या कहे तो कृषि और अपने परंपरागत व्यवसाय को समझने का प्रयास कर रहे। कुछ बच्चे तो अन्य गांव से आकर पढ़ते है, वह भी अपने निवास स्थान पर गए हुए हैं। ऐसे और भी कई केस स्टोरी एम. एस .डब्लू के छात्रों ने अपने फील्ड वर्क के दौरान देखा। जिन स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों ने कार्य को किया है । उनमें प्रमुख रूप से सोनू बैगा और सुमन ने बालिका छात्रावास ,दुर्गा मंदिर माधुरी, निधि,पुष्पलता , पूजा ने अर्बन बेसिक, गल्ला मंडी ,संदीप यादव ने नव ज्योति बिजुरी ,लक्ष्मीकांत यादव ने शासकीय विद्यालय बिजौरी। क्षेत्रीय कार्य का समन्वय विजिटिंग फैकल्टी नितिन गर्ग एवं अर्पित दुबे द्वारा किया गया।



## रामेश्वरी धाम में नवमीं को विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग एवं विशाल भंडारे का आयोजन

**बुढार ।** शहडोल रोड पर स्थित व नगर के हृदय स्थल मां रामेश्वरी धाम दुर्गा मंदिर कटकोनी में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आज विशेष दरबार भव्य आयोजन होगा। चैत्र नवरात्रि अष्टमी के दिन मां भगवती को अठवाइन प्रसाद चढ़ा कर महाआरती की गई। मंदिर में जगत जननी मां भगवती की भव्य पूजा अर्चना मंदिर के आचार्य व भक्तों द्वारा जल चढ़ाकर एवं प्रसाद का भोग लगाकर पूर्ण भाव भक्ति के साथ माता की आराधना की जा रही है। 6 अप्रैल दिन रविवार को महानवमी के अवसर पर विशेष श्रृंगार मां भगवती के चरणों में अर्पित का किया जाएगा उसके उपरांत रविवार को ही मां रामेश्वरी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## 17 अप्रैल को कोल इंडिया ड्रेस कोड समिति की अगली बैठक



**शहडोल।** कोल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड के लिए बनी समिति की बैठक विगत 2 अप्रैल को दिल्ली स्थित कोल इंडिया लिमिटेड के आफिस, स्कोप कांप्लेक्स में संपन्न हुई। इस समिति में एच एम एस का एक ही प्रतिनिधि होने पर श्री विनय सिंह द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराने के पश्चात ही अपनी बात बैठक में रखा गया। जिसमें कहा गया कि जनरल सहायक (जनरल असिस्टेंट) से चेयर मैन कोल इंडिया तक एक ड्रेस /एक कलर हो। ठेका श्रमिको पर भी ड्रेस कोड लागू हो, इसके लिए निविदा के शर्तो में ही प्राविधान हो। ड्रेस के लिए अग्रिम रूप से राशि सबको उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिसके बाद कामगार ड्रेस खरीद कर उसका बिल प्रस्तुत करें। प्रबंधन द्वारा कपड़े की खरीदारी न हो, अन्यथा क्वालिटी मेंटेन करना मुस्किल होगा। उसके लिए वासिंग एलाउंस का भी प्राविधान हो। उक्त सभी बिन्दुओं पर लगभग सहमति बन चुकी है। ड्रेस का कपड़ा या रेडिमेड जैसा चाहे खरीद सकते है। कुछ खास कंपनी-फैब्रिक का ही कपड़ा लेना होगा। जैसे रेमंड, रामराज कटान, अरविंद लिमिटेड, लुईस फिलिप, वर्दमान टेक्सटाइल, ब्लैक बेरी, विस्पन इंडिया, ट्रिडेंट ग्रुप आदि के कपड़े लेने होंगे। दो सेट ड्रेस, जूते, मोजे के साथ महिलाओं के लिए साड़ी या सूट व सेंडिल आदि के लिए 10500 रूपये साल में एक बार, वासिंग एलाउंस 185 रुपये प्रति माह की बात प्रबंधन द्वारा की गई है। जिस पर निर्णय अगली बैठक में संभव है। अगली बैठक 7 अप्रैल को कोलकाता में प्रस्तावित था, लेकिन रामनवमी त्योहार व अन्य परिस्थितियों वश बैठक की अगली तिथि 17 अप्रैल को निर्धारित हुई है। उक्त तिथि को ड्राफ्ट फाइनल होकर बोर्ड के निर्णय के लिए जायेगा।

# दिव्यांश पयासी ने बढ़ाया माता-पिता का गौरव

शहडोल।

लॉरेंस शाईन स्कूल के 14 वर्षीय होनहार छात्र दिव्यांश पयासी ने अपने विद्यालय राज्य शिक्षा केंद्र के आठवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर समूचे नगर सहित अपने विद्यालय, शिक्षक व माता-पिता का मान-सम्मान बढ़ाने का प्रशंसनीय व सराहनीय कार्य किया है। दिव्यांश पयासी ने अपने मेहनत व लगन से 2024-25 की राज्य शिक्षा केंद्र के आयोजित 08 वीं वार्षिक बोर्ड परीक्षा में कुल अंक 600 में 558 अंक हासिल कर 93त्न के साथ प्रथम स्थान हासिल कर कीर्तिमान प्राप्त किया है।



छात्र दिव्यांश पयासी के पढ़ाई के प्रति लगनशीलता से हासिल इस प्रशंसनीय कार्य में उनके माता-पिता स्मृति-दिवाकर पयासी और स्कूल की डायरेक्टर दुर्गा शुक्ला, प्राचार्य सीमा तिवारी, विजय तिवारी, रावेंद्र सिंह, भास्कर मिश्रा, मानस एवं सभी शिक्षकों की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है।
छात्र के पिता दिवाकर पयासी वर्तमान में नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं सदैव ही समाजसेवा के कार्यों में बढ़चढक़र योगदान देने के लिए इनकी सामाजिक छवि सभी के दिलों में बसती है, व अपने पुत्र दिव्यांश पयासी के सफल मार्गदर्शक भी हैं। दिव्यांश पयासी के उपलब्धि पर श्री मति आरती पुष्पेंद्र शुक्ला नाना नानी कमला प्रसाद मिश्रा गीता मिश्रा पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुण गौतम मनोज द्विवेदी भाजपा नेता निर्मल द्विवेदी पार्षद नीरज शर्मा उपाध्यक्ष संपत मिश्रा लालजी राव अरुण बसोर भाजपा नेता रामलाल खटीक जिला उपाध्यक्ष सातिका प्रसाद तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, राजेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला कल्लू, दीपक पयासी, कविता सिंह सरपंच, सांसद प्रतिनिधि रावेंद्र शर्मा छोटू, अनुपम द्विवेदी, आनंद त्रिपाठी, सल्लू शुक्ला, अजय कोल मित्र, अजय तिवारी पाडेय, भोलू उपाध्याय, नितेश द्विवेदी, प्रदीप पांडेय, दिलीप सिंह, सरपंच अंकित द्विवेदी, राकेश गौतम, वेद द्विवेदी, गया मिश्रा, दिनेश पयासी, पंकज पांडेय, सितेंद्र पयासी, राकेश गुप्ता, नीलेश गुप्ता, दीपक गर्ग, सूरज पयासी क्षेत्रवासियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

# अखडार में चल रही नौ दिवसीय राम कथा





उमरिया।

जिले में ग्राम अखडार में बजरंग धाम सेवा समिति व्दारा हनुमान ताल में चल रही नौ दिवसीय राम कथा जो विगत चार वर्षों से आयोजित की जा रही है ,में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी, आशुतोष अग्रवाल, मिथलेश पयासी, अंजनी मिश्रा,बृजेन्द तिवारी, गोविंद प्रसाद गौतम, दिनेश पाण्डेय, विनायक तिवारी, नारायण सिंह, सतेन्द्र सिंह,शेष प्रताप सिंह,जम्मू कोल सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामों से आये श्रोता उपस्थित रहे। कथा का वाचन पीताम्बर पीठ दतिया की विदुषी सुश्री राधिका चतुर्वेदी व्दारा किया जा रहा है। इसके पूर्व अतिथियों ने मन्दिर में हनुमान जी तथा मां अन्नपूर्णा के दर्शन कर जिला तथा प्रदेश के विकास एवं प्रसन्नता की कामना की।

# गोल्डी बनी कल्याणिका में व्याम शिक्षिका

शहडोल।

गोल्डी पाल का चयन माँ कल्याणिका पब्लिक स्कूल पेंड्रा-मरवाही में मार्शल आट्र्स और योगा शिक्षिका के रूप में हुआ है। खबर है कि गोल्डी पाल ओपीएम के पास के एक गांव खमरौध की रहने वाली है, उनके पिता का नाम दुर्गा पाल जो कि लकवा ग्रसित हैं और माँ का नाम अनीता पाल गृहिणी हैं। गोल्डी ने प्राइमरी शिक्षा गांव तथा आगे कि पढ़ाई बालिका छात्रावास में रहकर पूरी की। छात्रावास में रहकर इन्होंने कराते का प्रशिक्षण लिया। परिवार वाले 12 वीं पास करने के वापस गांव ले जाना चाह रहें थे, परन्तु उनके कोच प्रमोद विश्वकर्मा ने उनमे प्रतिभा को देखते हुए विश्वास दिलाया कि वे इस विधा में बनी रहें और आगे कि पढ़ाई भी जारी रखें। गोल्डी ने पूरे मन से मार्शल आर्टस सीखना और सिखाना प्रारम्भ किया और धीरे-धीरे ब्लैक बेल्ट कि परीक्षा भी पास कर ली। इसी दौरान इन्होंने पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय से योगा में मास्टर डिग्री भी प्राप्त कर ली। वह लगातार कराते, लाठी और योगा का प्रशिक्षण विभिन्न विद्यालयों, छात्रावासों में देती रही, प्राप्त धन से अपने और परिवार का खर्च वहन करने लगी। इसी दौरान इन्होंने नवोदय में भी अतिथि के रूप में भी मार्शल आट्र्स का प्रशिक्षण दिया। उनकी इस योग्यत और कौशल को देखते हुए उनका चयन नियमित रूप से माँ कल्याणिका पब्लिक स्कूल पेंड्रा मरवाही (छ. ग.) में हुआ है। वहीं बताया जा रहा है की इसके पहले



भी कई संस्था मे कराते/लाठी और योग का प्रशिक्षण गोल्डी द्वारा दिया जा रहा था , उनकी इस उपलब्धि पर मार्शल आट्र्स के संचालक प्रमोद विश्वकर्मा, शारीरिक शिक्षा एवं योग शिक्षक डॉ. आदर्श तिवारी , संजय सिंह कंघीकार, शिवानी नामदेव अन्य खिलाडिय़ों, परिजनों एवं मित्रजनों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी।

# समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए 43 हजार 327 किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 9 अप्रैल निर्धारित की गई है। शासन निर्देशानुसार गेहूँ का समर्थन मूल्य 2600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जबकि चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन का कार्य 25 मार्च से 31 मई 2025 तक किया जायेगा। शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अनुसार चना 5650 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 6700 रुपये प्रति क्विंटल एवं सरसों 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा।

### पंजीयन की स्थिति

जिले की 9 तहसीलों में गेंहू उपार्जन हेतु अब तक कुल 41 हजार 616 कृषको ने पंजीयन कराया है। जिसमें तहसील बहोरीबंद में 8707, तहसील ढीमरखेड़ा में 7543, विजयराघवगढ़ में 5257 , रीठी में 4411 , बड़वारा में 4039, स्लीमनाबाद में 4090, बरही में 2879, कटनी नगर मे 2383 और तहसील कटनी में 2307 कृषकों ने पंजीयन कराया है।

### चना व मसूर के लिए

जिले चना उपार्जन हेतु अब तक कुल 1981 कृषको ने पंजीयन कराया है। जिसमें तहसील बहोरीबंद में 826, तहसील ढीमरखेड़ा में 196, विजयराघवगढ़ में 244, रीठी में 161, बड़वारा में 442, स्लीमनाबाद में 21, बरही में 227, कटनी नगर मे 61 और तहसील कटनी में 13 कृषकों ने पंजीयन कराया है। जिले में मसूर उपार्जन हेतु अब तक कुल 1226 कृषको द्वारा कराये गए पंजीयन में तहसील बहोरीबंद के 13, तहसील ढीमरखेड़ा 33, विजयराघवगढ़ के 226, रीठी के 51, बड़वारा के 549 , बरही के 279 , कटनी नगर के 58 और तहसील कटनी के 17 कृषकों ने पंजीयन कराया है।

सरसों उपार्जन हेतु अब तक कुल 5 हजार 418 कृषको ने पंजीयन कराया है। जिसमें तहसील बहोरीबंद में 1158, तहसील ढीमरखेड़ा में 28, विजयराघवगढ़ में 301, रीठी में 2035, बड़वारा में 780 , स्लीमनाबाद में 38, बरही में 432 , कटनी नगर मे 491 और तहसील कटनी में 155 कृषकों द्वारा पंजीयन कराया है।

# हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में करियर काउंसलिंग की सुविधा

**अनुत्तीर्ण छात्रों के पालकों को बुलाकर की जा रही काउंसलिंग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश में शासकीय हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिये करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उचित चयन श्रेष्ठ करियर कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाये हैं। उनके अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उसी कक्षा में प्रवेश के लिये काउंसलिंग की जा रही है। ऐसे विद्यार्थी जो आगे की पढ़ाई निरंतर नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हार के आगे जीत कार्यक्रम में आईटीआई पाठ्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर और करियर काउंसलर की सेवा लेने के लिये कहा गया है।

### ऋण दिलाने में मदद

इस योजना में आवेदकों को अपनी ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सेवक के साथ दाखिला लेने की आवश्यकता है। आवेदक को ट्रेनिंग सेंटर के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके लिये आवेदक को आवश्यक पहचान-पत्र, इनमें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी रोजगार सेवक को देनी होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के बाद ऋण उपलब्ध कराने में आवेदक को पूरी मदद दी जायेगी।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में देशभर में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है। इस योजना में 3 माह, 6 माह और एक साल के लिये युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। कौशल संबंधी कोर्स पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट दिये जाने का प्रावधान है। यह सर्टिफिकेट पूरे देश में मान्य होता है। इस योजना में भी प्रशिक्षण के बाद ऋण प्राप्त करने की सुविधा है। इस योजना में केन्द्र सरकार ने कई टेलिकॉम कंपनियों को इस कार्य के लिये अपने साथ जोड़ रखा है। मोबाइल कंपनियां इस कार्यक्रम से जुड़े लोगों को मेसेज करके एक फ्री टोल नंबर देंगी, जिस पर कैंडिडेट को मिस्ड कॉल देना होगा। मिस्ड कॉल के तुरंत बाद आवेदक के पास एक नंबर से कॉल आयेगा, जिससे बाद आवेदक इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (आईवीआर) सुविधा से जुड़ जायेगा। इस प्रक्रिया के बाद आवेदक को उसके निवास के आस-पास ट्रेनिंग सेंटर से जोड़ा जायेगा। केन्द्र सरकार का कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय अब तक एक करोड़ 50 लाख से अधिक युवाओं का कौशल उन्नयन कर चुका है। इस योजना में युवाओं को कन्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर, फुड प्रोसेसिंग, फर्नीचर, हेन्ड्रीक्रॉफ्ट, जेम्स और जूलरी समेत 40 क्षेत्र की ट्रेनिंग दिये जाने की सुविधा है। स्कूल शिक्षा विभाग के इस कार्यक्रम के लिये जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देने के निर्देश दिये गये हैं।

# चौपाल लगा वर्षा जल संवर्धन हेतु किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण शीर्ण पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है, साथ ही प्राचीन कुएं बावड़ी, छोटी नदियां, तालाब, सरोवर की साफ सफाई कर उसे पेयजल के लिए पुनर्जीवित करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। ग्राम पिलौंजी के तालाब में अधिकतम वर्षा जल को संचित करनें हेतु ग्राम वासियों के सहयोग से श्रमदान करते हुए व्याप्त कचरा एवं गाद को निकाला जाकर गहरीकरण का कार्य किया गया। वहीं तालाब के आसपास उगी हुई झाड़ियों की साफई की गई। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिलौंजी के ग्राम पिपरहटा में नवांकुर संस्था अनुभूति जन जागरण संस्थान कन्हवारा के समन्वय एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिलौंजी के सहयोग से जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए चौपाल का आयोजन किया गया।

# जिले में 9.92 लाख से अधिक नागरिकों की समग्र ई- के.वाई.सी का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर पोर्टल मे समग्र आई.डी से आधार नंबर की ई-के.वाय.सी. का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री यादव नें ई-के.वाई.सी कार्य की सतत समीक्षा की जाकर अधिकारियों को कार्य में गति लानें के दिशा निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप



### कल्याणिका पुष्पराजगढ़ के बच्चों ने रचा कीर्तिमान

**राजेन्द्रग्राम।** स्थानीय कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन, पटना पुष्पराजगढ़ के छात्रों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम फहराया है। इस वर्ष शाला के 2 छात्राओं कु. श्रेया पटेल सुपुत्री शैलेन्द्र पाटिल एवं कु. आराध्या चौकसे सुपुत्री कमलाकांत चौकसे का चयन नवोदय विद्यालय के लिया हुआ है। इसी क्रम में शासन की प्रतिभा सम्मान योजना में अनिमेष सिंह सुपुत्र जन्मेजय सिंह का चयन सामान्य जान श्रेणी में राज्य स्तर एवं आरुषि अग्रवाल सुपुत्री अरुण अग्रवाल का चयन चित्रकला श्रेणी में राज्य स्तर हेतु तथा श्रेया पटेल सुपुत्री शैलेन्द्र पाटिल का चयन चित्रकला श्रेणी में जिला स्तर हेतु हुआ है। उल्लेखनीय है कि इन छात्रों ने इस हेतु कोई विशिष्ट कोचिंग नहीं की, विद्यालय स्तर पर ही अपनी नियमित पढ़ाई और अभिरुचि से यह सफलता अर्जित की। विद्यालय के छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रबंघन्यासी स्वामी हिमाद्रि मुनि एवं प्राचार्य जितेन्द्र निगम एवं शिक्षकों ने इन छात्रों को बधाई दी एवं उनके सुखद व समृद्ध जीवन की कामना की है। इसके पूर्व भी ओम पटेल, काव्या गुप्ता और आकृति ताम्रकार का चयन इस विद्यालय से नवोदय के लिए हो चुका है।

### श्री राम नवमीं के पवित्र अवसर पर सीतामढ़ी में आयोजित होगा प्राकट्य पर्व

**अनूपपुर।** श्रीरामनवमी के पवित्र अवसर पर जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत जर्राटोला के ग्राम सीतामढ़ी मे प्राकट्य पर्व रविवार 6 अप्रैल, 2025 को सायं 6:00 बजे से सीतामढ़ी, कोतमा (अनूपपुर) मे आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य लोक संस्कृति, परंपरा, मान्यताओं, पर्यटन एवं धरोहरों को जोड़ने का प्रयास करना है। गरिमामय कार्यक्रम में बुन्देली लोकगायन गोविंद सिंह यादव एवं साथी, गंजबासौदा नृत्य नाटिका 'राम अर्पण' आकृति जैन एवं साथी, भोपालभक्ति गायन पवन तिवारी एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन अनूपपुर के सहयोग से आयोजित किया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों को दायित्व सौपे हैं। जिला प्रशासन ने सीतामढ़ी में आयोजित प्राकट्य पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी से सहभागिता निभाने की अपील की गई है।


### जल संरचनाओं का पुर्नजीविकीकरण एवं संरक्षण का किया जा रहा कार्य

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिले में जल संरक्षण के प्रति बढ़ती हुई जनचेतना का परिदृश्य साफ दिखाई दे रहा है। अभियान के अंतर्गत नदी, तालाबों, चेक डेम, स्टाप डेम, कुआं-बावड़ी व सार्वजनिक कुआं के गहरीकरण, मरम्मत, सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक गतिविधियां जनप्रतिनिधि, शासकीय, अशासकीय संस्थाओं तथा जनसहयोग के माध्यम से की जा रही है। इसी तारतम्य में जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड अनूपपुर में सोन नदी से लगे मुक्तिधाम घाट एवं नदी में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरे का निपटान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया गया। इस दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय, सामाजिक अंकेक्षण के जिला समन्वयक संदीप शुक्ला, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र- छात्राएं एवं नगर पालिका अनूपपुर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल कल्याण समिति के आरोपों की जांच में स्कूल पहुंची तीन विभागीय प्रशासनिक टीम

## महिला बाल विकास विभाग के साथ डीइओ, डीपीसी ने स्कूल परिसर का लिया जायजा

*बिजुरी नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 6 में संचालित संत जोसेफ मिशन स्कूल में 29 मार्च को बाल विकास कल्याण समिति भोपाल व अनूपपुर की टीम के साथ महिला बाल विकास विभाग अनूपपुर द्वारा की गई जांच और वहां पाई गई आपत्तिजनक सामग्रियों पर जांच अधिकारियों द्वारा मीडिया को दिए गए बयान के बाद यह स्कूल जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक सुर्खियों में आ गया।*







हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
jabalpur Virat Bhoomi.pdf - 03 Apr 2025 - Page 4
मांस-मछलियों से भरा मिला सेंट जोसेफ स्कूल के छात्रावास का फ्रीज

जिसके बाद 2 अप्रैल को जिला प्रशासन के निर्देश में तीन विभागीय अधिकारियों की गठित टीम ने स्कूल परिसर की जांच करते हुए छात्रावास और बाल कल्याण समिति से लगे आरोपों पर स्कूल संचालक से जानकारी ली। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों की जांच पड़ताल देर शाम तक जारी रही। लेकिन सवाल यह है कि जब बाल विकास कल्याण समिति भोपाल की टीम ने महिला बाल विकास विभाग अनूपपुर की टीम के साथ जांच की और आपत्तिजनक सामग्रियों के पाए जाने पर खुले तौर पर मीडिया के सामने अवैध रूप से स्कूल संचालन के आरोप लगाते हुए बयान दिए तो क्या अब जिला प्रशासन उन बयानों के आधार पर सम्बंधित स्कूल के खिलाफ सख्त कदम उठाएगी या फिर जांच पड़ताल की कार्रवाई में मामले को ठंडे बस्ते में डाल देगी। फिलहाल अधिकारियों की टीम ने कहा कि अभी जांच जारी है, कुछ दस्तावेज मिल गए हैं, कुछ बाद में स्कूल द्वारा उपलब्ध कराए जाने आश्वासन दिया गया है।

### इधर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सेंट जोसेफ स्कूल बिजुरी में जांच के दौरान मिले मीट एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ विद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी कोतमा अजीत तिर्की को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बाल संरक्षण आयोग की टीम द्वारा बिजुरी सेंट जोसेफ स्कूल में निरीक्षण के दौरान भारी खामियां व विद्यालय आचरण के विपरीत सामग्रियां बरामद हुई। स्कूल के आवास में मीट मिलने से लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ऐसे कृत्यों से स्कूल की छवि धूमिल होने के साथ प्रबंधन के खिलाफ लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। उक्त विद्यालय भी गोफ एरिया में संचालित है जो बिना अनुमति के बड़ी इमारत खड़ी कर दी गई है। स्कूल लगातार अपने कार्य शैली के कारण सुर्खियों में है। स्कूल प्रबंधन के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिले के विभिन्न संगठनों द्वारा जिला में प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग भी की गई है। सोशल मीडिया में भी विभिन्न संगठनों व नागरिकों द्वारा लगातार स्कूल के खिलाफ पोस्ट एवं कॉमेंट का सिलसिला बना हुआ है। विद्यार्थी परिषद द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है अन्यथा बड़ा आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई ।



# श्रद्धा महिला मण्डल के सौजन्य से जागृति महिला समिति ने राजनगर में खोला प्याऊ

**राजनगर।** राजनगर क्षेत्र में साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड के हसदेव क्षेत्र कि अध्यक्षा श्रीमती विनिता शर्मा एवं उनकी सहयोगियों द्वारा हसदेव क्षेत्र के राजनगर आर.ओ. उपक्षेत्र के अंतर्गत राजनगर बस स्टैंड में प्याऊ का उद्घाटन किया गया। जिससे सभी लोगों को गर्मी में राहत मिले और पूरे गर्मी के मौसम तक लोगों को ठंडा पेय जल पीने को मिले। यह प्याऊ पूरे गर्मी के मौसम तक संचालित किया जाएगा। प्रथम दिवस में पेय जल के साथ पेय पदार्थ, शिकंजी, जलजीरा, गुड चना, अंगूर, संतरा, तरबूज, शहतूत व नाश्ता पैकेट, लस्सी आदि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जागृति महिला समिति की श्रीमति सरिता सिंह, उषा शर्मा, रजनी सिंह, पुष्पा नेताम, सुष्मिता मिश्रा, किरण मिश्रा, अस्मिता प्रधान, गरिमा द्विवेदी, रेखा कुमारी, आदि ने अपना बहुमूल्य समय व योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मालवाहक वाहनों से ढोई जा रही सवारी

## जिम्मेदार अमला जानकर भी बना अनजान

अनूपपुर।

मालवाहक वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। जिसके कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। खासतौर पर ग्रामीण अंचलों में यह समस्या सबसे अधिक देखने को मिलती है। बावजूद इसके मालवाहक वाहनों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पूर्व में करीब दर्जन भर से अधिक घटनाएं हो चुकी है, जिसमें लोगों की मौत भी हो चुकी है। नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने का कार्य रोजाना किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण अंचलों में आवागमन के साधन कम होने के कारण मालवाहक वाहनों से सवारियां ढोने का कार्य किया जाता है। क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को काम पर लाने ले जाने के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर ले जाया जाता है। ऐसे में कभी भी घटना हो सकती है। मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी



जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। बावजूद इसके ऐसे मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पूर्व में नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में माल वाहक वाहनों में बारात ढोई जा रही थी जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं।

### रुपए के लालच में ले रहे जोखिम

कृषि कार्यों के नाम से खरीदे गए वाहनों का सवारी गाडियों की तरह इस्तेमाल हो रहा है। ट्रैक्टर, मेटाडोर, पिकअप जैसे अन्य वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। शादी, पिकनिक व अन्य कामकाज में वाहन का उपयोग किया जाता है। ज्ञात हो परिवहन विभाग के कर्मचारी ऐसे वाहनों को रोककर उनकी चेकिंग नहीं करते है। मालवाहक मालिक और चालक रुपए के लालच में ग्रामीणों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने से उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। लगातार सड़क हादसे होने के बाद भी मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोई जा रही है।

### प्रतिदिन हो रहा वाहन चेकिंग

पुलिस विभाग के द्वारा आये दिन वाहनों की सघन जांच की जा रही है लेकिन क्या ऐसे वाहन पुलिस एवं यातायात विभाग को नहीं नजर आ रहे हैं जो प्रतिदिन पिकअप वाहन एवं मालवाहक वाहनो में खुलेआम सवारियों को बैठाकर राष्ट्रीय राजमार्गों एवं नगर के मुख्य मार्ग में आना-जाना कर रहे हैं।

# पुत्र ने पिता के लिए हाई कोर्ट में की पैरवी

## 11 साल बाद आरक्षक को मिली पुनः नौकरी

### न्याय मिलने के बाद पाण्डेय परिवार में लौटी खुशियां

अनूपपुर।

पुलिस विभाग के उमरिया थाना में आरक्षक पद पर पदस्थ मिथिलेश पांडे को आय से अधिक संपत्ति के मामले में विभागीय जांच के उपरांत पुलिस विभाग ने उन्हें सेवा से पृथक कर दिया था इसके बाद आरक्षक मिथिलेश पांडे अपना पक्ष पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के समक्ष रखते रहे लेकिन उनके पक्ष को दरकिनार कर दिया गया, दिसंबर 2013 में ही आरक्षक मिथिलेश पांडे ने पद से पृथक किए गए मामले को लेकर हाई कोर्ट जबलपुर का दरवाजा खटखटाया जहां पर उन्होंने अपील दायर करते हुए न्याय की मांग की। हाई कोर्ट में मामला लगने के बाद



पुलिस विभाग को हाई कोर्ट से आदेश भी जारी किए गए लेकिन उस आदेश से विभाग संतुष्ट नहीं हुआ और निरंतर मामला चलता रहा। सन 2024 में पुलिस आरक्षक मिथिलेश पांडे के पुत्र अभिषेक पांडे वकालत की डिग्री हासिल करने के पश्चात जबलपुर हाई कोर्ट में प्रैक्टिस प्रारंभ की और इसके साथ ही सर्वप्रथम उन्होंने अपने पिता मिथिलेश पांडे का केस हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे न्यायमूर्ति ने स्वीकार किया अधिवक्ता अभिषेक पांडे ने अपने पिता के खिलाफ लगे तमाम आरोपों को हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति के समक्ष जिरह के बाद आदेश को निरस्त करने में सफलता हासिल की। 17/5/2024 को आरक्षक मिथिलेश पांडे क़ो नौकरी पर वापस रखने हेतु न्यायमूर्ति माननीय संजय द्विवेदी की बेंच के द्वारा आदेश दिया गया इसके बाद अनूपपुर पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुनः सेवा में बहाल किया गया। 5 अप्रैल 2025 को आरक्षक मिथिलेश पांडे अनूपपुर में अपनी उपस्थित दर्ज कराई है। 11 साल की लड़ाई के बाद पुत्र ने पिता को जीत दिलाई और पांडे परिवार में एक बार फिर से खुशियां लौट कर आई। इस अवसर पर आरक्षक मिथिलेश पांडे को उनके निवास पहुंचकर स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बीजापुरी ग्राम का भ्रमण कर काष्ठ शिल्पियों से मिले कलेक्टर

अनूपपुर।



जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बीजापुरी न 1 में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान ग्राम के काष्ठ शिल्पियों से मुलाकात कर उनके द्वारा बनाये जा रहे काष्ठ शिल्पों का अवलोकन किया तथा ग्राम में शासन द्वारा काष्ठ शिल्पियों को एक साथ एक जगह कार्य करने की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बनाये गये कारीगर वर्कशॉप की जानकारी भी ली। जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन शशांक प्रताप सिंह ने बताया कि भवन निर्माण का कार्य पूरा हो गया है तथा वर्कशॉप में आवश्यक टूल्स उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलाकारो ने भी चर्चा करते हुये आश्वस्त किया कि वर्कशॉप का कार्य पूर्ण होने के बाद कलाकारों के कार्य मे गुणात्मक सुधार के साथ साथ उनकी निर्माण क्षमता में भी वृद्धि होगी। कलेक्टर श्री पंचोली ने ग्राम में ही पर्यटन विभाग अंतर्गत होम स्टे के प्रगतिरत कार्यो का निरीक्षण किया तथा पर्यटकों को होम स्टे में दी जाने वाली आवश्यक सुविधाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ गणेश पांडेय व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# करनपठार पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा ट्रैक्टर

अनूपपुर।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग पुष्पराजगढ के मार्गदर्शन में रेत परिवहनकर्ता के विरूद्ध निरी. पी. सी कोल थाना प्रभारी थाना करनपठार के नेतृत्व में हमराह सउनि. कमल किशोर चंद्रौल, आर. घनश्याम सिंह, विनोद कुमार, चा. आर. विक्रम सिंह मरावी थाना करनपठार के दौरॉन कस्बा देहात भ्रमण 4/05/2025 को हमराह स्टाफ के साथ देहात ग्राम सिवनी संगम भ्रमण भ्रमण हेतू रवाना हुआ था कि जरिये मोबाईल फोन विश्वस्थ मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि ग्राम सिवनी संगम तरफ से गोरखपुर डिण्डौरी एक नीले लाल रंग की स्वराज कम्पन्नी की ट्रेक्टर क्रमांक- MP 52 AA2076 जो रेत अवैध रूप से चोरी का लोड करके परिवहन करते हुये जा रहा है। मौके पर उपस्थित गवाह राकेश मार्को पिता संतोष मार्को उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गोरखपुर थाना गाडासरई] मृगेन्द्र सिंह पिता रण्जीत सिंह गोड उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सिवनी संगम थाना करनपठार जिला अनूपपुर को अवगत मुखबीर के सूचना से कराया जाकर मुखबीर की सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु हमराही स्टाफ एवं गवाहान उपरोक्त के रवाना होकर ग्राम सिवनी संगम



पहुचा तो कुछ छड बाद मुखबीर के बाताये अनुसार हुलिया की नीले लाल रंग की स्वराज कम्पन्नी की ट्रेक्टर क्रमांक - MP 52 AA2076 दिखाई दी जिसे मय हमराह स्टाफ एवं गवाहान को ट्रेक्टर को रोक कर ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम बृज सोहन आर्मो पिता इन्द्र पाल आर्मो उम्र 25 वर्ष नि. ग्राम गोरखपुर था. गाडासरई जिला डिण्डौरी एवं वाहन स्वामी- सुनील मार्को पिता संतोष मार्को उम्र 30 वर्ष नि. गोरखपुर था. गाडासरई जिला डिण्डौरी का होना बताये तथा सिवनी संगम से गोरखपुर जिला डिण्डौरी नर्मदा नदी से चोरी का रेत ट्रेक्टर में लोड करके बेचने हेतु लेकर जाना बताया आरोपी चालक को धारा 94 बीएनएनएस का नोटिस दिया जाकर रेत लोड करने परिवहन करने की दस्तावेज टीपी चाहा जो नही होना बताया तथा पूछतांछ करने पर अपनी स्वयं के इच्छा से रेत चोरी कर लोड करना बताया उक्त गवाहो के समक्ष मौके पर उक्त गवाहो के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के 18.00 बजे जप्त किया जाकर कब्जे पुलिस लिया गया तथा चालक आरोपी के द्वारा मैके पर वाहन के कागजात एवं ड्रायविंग लाईसेन्स प्रस्तुत नही किया। आरोपीगणो के कृत्य अपराध क्रमांक 86/25 धारा- 303(2), 317(5), 3(5) बी. एन. एस. एवं 4/21 खान व खनिज अधिनियम 1957 का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में उपरोक्त स्टाफ का अहम भूमिका रही।